दिल्ली पब्लिक स्कूल, जम्मू
सत्र : 2019–2020
पुनरावृत्ति पत्रिका

कक्षा : तीसरी  विषय : हिन्दी

उपविषय : पाठ–10 'कंजूस का धन', पाठ–12 'उत्पाती बंदर'
पाठ–13 'अमर नाम चेतक' पाठ–14 'विक्टोरिया मेमोरियल'
पाठ–15 'बरखा गीत; (गीत)।

व्याकरण : अनेक शब्दों के लिए एक शब्द, अशुद्धि शोधन, अनेकार्थी शब्द, क्रिया, अनुच्छेद लेखन, अपठित गद्यांश, पठित गद्यांश, चित्र वर्णन, चित्र कथा

## अपठित गद्यांश

प्र1) निम्नलिखित अपठित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़ते हुए पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :–

एक सेठ था। उसने एक बंदर पाला हुआ था। सेठ को वह बंदर बहुत प्रिय था और सेठ समझता था कि बंदर बुद्धिमान है। परंतु बंदर तो बंदर ही होता है। गरमी का मौसम था। एक दिन सेठ गहरी नींद में सो रहा था। बंदर उसे पंखा कर रहा था। अचानक एक मक्खी आई और सेठ के पेट पर बैठ गई। बंदर ने उस मक्खी को बार–बार उड़ाया किंतु वह कभी सेठ के हाथ पर बैठती, तो कभी पाँव पर, कभी पेट पर बैठती, तो कभी सिर पर। यह देखकर बंदर को गुस्सा आ गया। वह मक्खी को मारने के लिए दूसरे कमरे से डंडा उठाकर लाया। उस समय मक्खी सेठ की नाक पर बैठी हुई थी। बंदर ने उसी समय पूरी ताकत से डंडे से उसे मारा। मक्खी तो उड़ गई, परंतु बेचारे, सेठ जी की नाक का भुरता बन गया और उनका एक दाँत भी टूट गया। दर्द के कारण सेठ जी बेहोश हो गए।

क) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :–

1. अचानक मक्खी आकर कहाँ बैठ गई?
2. बंदर दूसरे कमरे से डंडा उठाकर क्यों लाया?

ख) सही विकल्प चुनकर लिखिए :–

1. सेठ जी को कौन बहुत प्रिय था?
   (i) बिल्ली (ii) हाथी (iii) बंदर
2. दर्द के कारण सेठ जी क्या हो गए?
   (i) नाराज़ (ii) बेहोश (iii) खुश

ग) निम्नलिखित शब्दों के सही अर्थ चुनकर लिखिए :–

| | शब्द | अर्थ |
|---|---|---|
| 1. | गुस्सा – | दर्द, क्रोध, अपमान |
| 2. | दुश्मन – | मित्र, साथी, शत्रु |

घ) निम्नलिखित वाक्यों में सही/गलत का निशान लगाइए :–

1. सेठ जी का एक दाँत भी टूट गया। ( )
2. बंदर ने उस मक्खी को बार–बार उड़ाया ( )

प्र2) निम्न दिए गए चित्र को ध्यानपूर्वक समझते हुए पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :–



क) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :–

1. यह चित्र कहाँ का है?
2. बच्चे क्या कर रहे हैं?
3. बेंच पर कौन बैठी हैं?
4. लड़की क्या कर रही है?

ख) सही विकल्प चुनकर लिखिए :–

1. चित्र में कितनी पतंगें हैं?
   (i) दो (ii) चार (iii) पाँच
2. चित्र में कितने वृक्ष हैं?
   (i) एक (ii) दो (iii) तीन
3. आसमान में क्या चमक रहा है?
   (i) चाँद (ii) सूरज (iii) तारे

<u>पाठ से संबंधित</u>

प्र3) निम्नलिखित पठित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़ते हुए पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :–

चौरंगी क्षेत्र में स्थित विक्टोरिया मेमोरियल कोलकाता की शान है। विशाल इमारत के बीच वाले भाग में एक ऊँचा गुबंद है, जिसकी शोभा बढ़ा रहा है पीतल से बना 19 फुट ऊँचा एंजल ऑफ विक्टरी। मेमोरियल के चारों कोनों पर सुंदर छतरियाँ बनी हुई हैं। यह इमारत सन् 1921 में बनकर तैयार हो गई थी। इसका उद्घाटन प्रिंस ऑफ वेल्स द्वारा किया गया था। यह संग्रहालय एक बड़े उद्यान के मध्य स्थित है। चारों ओर घने वृक्ष लगे हैं। मुख्य द्वार पर दो शेरों की मूर्तियाँ हैं।

क) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :–

1. विक्टोरिया मेमोरियल किसकी शान है और इसके बीच वाले भाग में क्या है?
2. मेमोरियल के चारों कोनों पर क्या बनी हुई हैं और यह कब बनकर तैयार हुआ?

ख) निम्नलिखित वाक्य में सही/गलत का निशान लगाइए :–

1. मुख्य द्वार पर तीन शेरों की मूर्तियाँ हैं। (  )

प्र4) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :–

क) कोलकाता की पहचान किससे होती है?

ख) प्रताप ने चेतक की पीठ पर क्या देखा?

ग) बंदर की शैतानियाँ देखकर भी सभी पशु–पक्षी चुप क्यों रहते थे?

घ) मूंजीलाल ने अपना सारा धन सँभालकर क्यों रख लिया?

प्र5) निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखकर वाक्य बनाइए :–

क) उपवास ख) अद्भुत

ग) बर्बाद घ) शरारती

प्र6) निम्नलिखित रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए :–

क) प्रताप अपने पिता को –––––– करके सीधे –––––– की ओर बढ़े।

ख) बंदर बड़ा ही –––––– और –––––– था।

ग) मूंजीलाल के परिवार के लोग बिना –––––– के एक–एक करके मरने लगे।

घ) मुख्य हॉल में प्रवेश करते ही सामने –––––– की सुन्दर मूर्ति है।

प्र7) निम्नलिखित वाक्य किसने कहे लिखिए :–

क) ''मेरे पास कुछ दाने पड़े हैं।''

ख) ''अब मैं तुम्हें छोड़कर कभी नहीं जाऊँगा।''

ग) ''तुम मुझे पानी में डूबोकर मार डालो।''

घ ''राजकुमार चेतक आपके बिना बहुत उदास रहा।''

प्र8) निम्नलिखित कविता की पंक्तियाँ पूरी कीजिए :–

क धरती पर छाई हरियाली,

––––––––––––––––––।

वर्षा में सब भीग–भीगकर

––––––––––––––––––।

ख कहते थे मेंढक टर्राकर,

––––––––––––––––––।

झम–झम लगा बरसने पानी,

––––––––––––––––––।

प्र9) सही विकल्प चुनकर लिखिए :–

क) प्रताप जीवन भर क्या करते रहे?

(i) भ्रमण (ii) युद्ध (iii) पश्चाताप

ख) बंदर को सबक किसने सिखाया?

(i) आदमी ने (ii) मधुमक्खियों ने (iii) साँप ने

प्र10) निम्न दिए गए वाक्यों में सही/गलत का निशान लगाइए :–

क) विक्टोरिया मेमोरियल दिल्ली में स्थित है। ( )

ख) जगमल प्रताप का सबसे बड़ा भाई था। ( )

ग) गाँव में अकाल पड़ गया था। ( )

घ) बंदर को मधुमक्खियों ने सबक सिखाया। ( )

व्याकरण से संबंधित

प्र11) कोष्ठक में से सही अनेक शब्दों के लिए एक शब्द चुनकर लिखिए :–

क) लकड़ी की चीज़ें बनाने वाले को ------ कहते हैं। (बढ़ई/कुम्हार )

ख) मेरे पिताजी डाक लाते हैं, वे ------ हैं। (लुहार/डाकिया)

ग) शेर माँस खाता है,वह -------- जानवर है। (शाकाहारी/माँसाहारी)

घ) जूतों की मरम्मत ------- करता है। (दर्जी/मोची)

प्र12) निम्नलिखित अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखिए :–

क) जो लोहे की वस्तु बनाने का काम करे–

ख) जो कपड़े सिले–

ग) जहाँ इलाज के लिए जाते हैं–

घ) जो बहुत परिश्रम करे–

प्र13) निम्नलिखित अशुद्ध वाक्यों को शुद्ध करके दोबारा लिखिए :–

क) मोहित बाँसुरी बजा रहे हैं।

ख) मेरा घर के बाहर कुँआ है।

ग) मेरे को स्कूल जाना है।

घ) बच्चा पढाई कर रहे हैं।

प्र14) कोष्ठक में से शुद्ध शब्द छाँटकर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए :–

क) आकाश में -------- उड़ रही है। (चिड़िया/चीड़ीया)

ख) -------- पर गाड़ियाँ चल रही हैं। (सडक/सड़क)

ग) -------- ने कविता सुनाई। (कवी/कवि)

घ) -------- आप यहाँ बैठ जाइए। (कृपया/कृप्या)

प्र15) निम्नलिखित वाक्यों में रेखांकित अनेकार्थी शब्द का अर्थ लिखिए :–

क) हमें बड़ों का मान करना चाहिए।

ख) मैं आज मैच में हार गया।

ग) कौशल ने अपने गुरु को प्रणाम किया।

घ) पिताजी बाज़ार से आम खरीदकर लाए।

प्र16) निम्नलिखित अनेकार्थी शब्दों के दो–दो अर्थ लिखिए :–

क) नज़र– ———————— ————————

ख) काल– ———————— ————————

ग) सुर– ———————— ————————

घ) अर्थ– ———————— ————————

प्र17) कोष्ठक में से सही क्रिया शब्द चुनकर वाक्य पूरे कीजिए :–

क) राजा बारिश में ——————— रहा है। (खेलने/खेल)

ख) हमें रोज़ ——————— चाहिए। (नहाना/नहाते)

ग) मैं थोड़ी देर बाद ———————। (खाएगा/खाऊँगा)

घ) बच्चा ——————— रहा है। (सो/सोएगा)

प्र18) निम्नलिखित वाक्य उचित क्रिया शब्द लिखकर पूरे कीजिए :–

क) राम पतंग ——————— रहा है।

ख) लड़का फल ——————— रहा है।

ग) पिताजी कहानी ——————— रहे हैं।

घ) चिड़िया ——————— रही है।

प्र19) 'मेरा बगीचा' विषय पर सहायक सूची की सहायता से अनुच्छेद लिखिए ।(शब्द सीमा 60–70) :–

सहायक सूची :– सुंदर, बगीचा, रंग–बिरंगे, फूल, हरी घास, फलों के पेड़, पक्षी, चहचहाना, घोंसला, दोस्त, खेलना, फल खाना, ठंडी और शुद्ध हवा, मन, प्रसन्न

प्र20) निम्न दिए गए चित्र का वर्णन सहायक सूची के माध्यम से अनुच्छेद के रूप में कीजिए (शब्द सीमा 60–70):–

संकेत बिंदु :– होली, त्योहार, बच्चे, खुश, एक–दूसरे, रंग लगाना, पिचकारी, बाल्टी, पानी फेंकना, हरियाली, दुकान, रंग, खरीदना, मस्ती

